Email

# म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड

## 26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड भोपाल

क्रमांक/स्थापना/ख/632 पार्ट/83 भोपाल, दिनांक 28/01/2026

प्रति,

1. संयुक्त संचालक
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   आंचलिक कार्यालय .............. (समस्त)
2. कार्यपालन यंत्री
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   तकनीकी संभाग ................ (समस्त)
3. भारसाधक अधिकारी/सचिव
   कृषि उपज मण्डी समिति .............(समस्त)

विषय :- सार्थक एप पर अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने तथा **EHRMS** पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग के संबंध में।

संदर्भ :- म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पत्र क्रमांक एफा-बी/**AGR**/23/ 0009/2025-**O**/0**SECY**-14(**AGR**)/14-1 दिनांक 01.01.2026.

---------

म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पत्र दिनांक 01.01.2026 द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज करने एवं **EHRMS** पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाकर वर्ष 2025-26 के गोपनीय प्रतिवेदन(एसीआर) तथा भविष्य में स्थानांतरण संबंधी आवेदन केवल **EHRMS** पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के के पत्र क्रमांक 01-02 दिनांक 01.01.2026 द्वारा मण्डी बोर्ड मुख्यालय/आंचलिक कार्यालय/तकनीकी कार्यालय/मंडी समितियों में पदस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति दिनांक 01.01.2026 से सार्थक एप अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश जारी किये गये हैं। मंडी बोर्ड मुख्यालय के पत्र क्रमांक 2258-2259 दिनांक 02.12.2025 द्वारा **EHRMS** पोर्टल पर प्रोफाइलिंग कार्य एवं सेवा पुस्तिका अपलोड करने के पश्चात सत्यापन संबंधी कार्यवाही हेतु मंडी बोर्ड मुख्यालय के लिये प्रोग्रामर, आंचलिक कार्यालय स्तर पर संयुक्त/उप संचालक, तकनीकी कार्यालय स्तर पर कार्यपालन यंत्री एवं मंडी समिति स्तर पर मंडी सचिव को नियुक्त किया गया है। जिसके अनुसार **EHRMS** पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग/प्रोफाइलिंग कार्य किया जा रहा है।

अतः म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संदर्भित पत्र दिनांक 01.01.2026 की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि पत्र में दिये गये निर्देशानुसार समस्त कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

Digitally signed by
Praveen Kumar Verma
Date: 27-01-2026
18:17:09

(प्रवीण वर्मा)
उप संचालक(स्थापना)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/स्थापना/ख/632 पार्ट/84 भोपाल, दिनांक 28/01/2026

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1 निज सहायक, प्रबंध संचालक सह आयुक्त, म.प्र. राज्य कृषि विपणप बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

2 अपर संचालक (वित्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

3 विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, म.प्र.शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।

4 अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणप बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

5 संयुक्त संचालक/उप संचालक (समस्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणप बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

6 आदेश नस्ती।

उप संचालक(स्थापना)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

मध्यप्रदेश शासन

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

मंत्रालय, भोपाल

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 01.01.2026

क्रमांक एफा-बी/ **AGR/23/0009/2025-O/o SECY-14(AGR)** /14-1:- किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतगर्त संचालनालय, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम, मध्य प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण, मध्य प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्था भोपाल, अंतर्गत संभाग एवं जिला स्तर पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी की **EHRMS** पर ऑनबोर्डिग व निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु **सार्थक-एप** दिनांक 05 जनवरी 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। तदानुसार निम्नलिखित निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित करें:-

1. सार्थक एप पर उपस्थिति के आधार पर ही प्रत्येक माह देय वेतन भुगतान की कार्यवाही की जाये।
2. प्रदेश के विभागाध्यक्ष अंतर्गत प्रत्येक ऑफिस के सभी अधिकारी/कर्मचारी (रेगुलर/कॉन्ट्रैक्ट/आउटसोर्स एवं अन्य) **पोंटल पर प्रविष्टि दिनांक 01-01-2026 तक सुनिश्चित करें।**
3. संबंधित विभागाध्यक्ष/नियंत्रणकर्ता अधिकारी अंतर्गत नोडल अधिकारी विभागीय पत्र क्रं.8/0001/2025-0/० SECY-14(AGR) दिनांक 09-12-2025 द्वारा पूर्व से निर्धारित किये गए है।
4. प्रत्येक स्टेट एडमिन द्वारा, विभागाध्यक्ष के अनुक्रम में ऑफिस एडमिन / रिपोटिंग ऑफिसर (RO) बनाएं (**दिनांक 01-01-2026 तक सुनिश्चित करें।**)
5. विभागाध्यक्ष अंतर्गत, रिपोर्टिंग ऑफिसर (RO) द्वारा प्रदेश के प्रत्येक ऑफिस के सभी यूजर-अधिकारी/कर्मचारी (रेगुलर/कॉन्ट्रैक्ट/आउटसोर्स एवं अन्य) की सार्थक एप पर ऑनबोर्डिंग दिनांक **01-01-2026** तक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उनके मोबाइल पर सार्थक-एप डाउनलोड करवा कर उपस्तिथि दर्ज करवाना सुनिश्चित करें ।
6. वर्ष 2025-26 के गोपनीय प्रतिवेदन (एंसीआर) EHRMS पोंटल के माध्यम से ही प्रस्तुत होंगे।

पृष्ठा. क्रमांक एफा-बी/ AGR/23/0009/2025-O/o SECY-14(AGR) /14-1भोपाल दिनांक 01.01.2026

प्रतिलिपि:-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म०प्र०, भोपाल।
2. निज सचिव, सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय, भोपाल।
3. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास/ कृषि अभियांत्रिकी,सीएट भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड/ म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम/बीज प्रमाणीकरण संस्था/जैविक प्रमाणीकरण संस्था।
5. समस्त संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्य प्रदेश
6. समस्त उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मध्य प्रदेश
7. समस्त परियोजना अधिकारी, (आत्मा), मध्य प्रदेश।
8. संबंधित जिला कोषालय अधिकारी मध्य प्रदेश।
9. आर्डर फोल्डर।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

e-4339190

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
Agri/142 06/1/2026
DD (स्था) / Asst Dir (IT)
प्रबंध संचालक

(विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी)
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि
विकास विभाग